Second Mid Term Evaluation

KP (G) **Hindi** Time : 45 Mnts.
Std. 10 Score : 20

- निर्देश : स्कोर और समय पर ध्यान देकर प्रश्नों के उत्तर लिखें।

सूचना : निम्नलिखित अंश पढ़कर 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

अंत में माँ जब उसे लेने आई तो दर्शकों ने देर तक खड़े होकर तालियाँ बजाईं। कई लोगों ने माँ से हाथ मिलाकर उसके छोटे बच्चे की तारीफ़ की। चार्ली स्टेज पर पहली बार आया और माँ आख़िरी बार..

1. 'उसके' में निहित सर्वनाम है — 1
   (ये, हम, वह, कौन)
2. लोगों ने किसकी तारीफ़ की? — 1
3. मान लें, इस घटना के बारे में माँ ने अपनी डायरी में लिखा। डायरी का वह अंश तैयार करें। — 4

अथवा

चार्ली के पहले शो के बारे में दो दर्शकों के बीच हुए वार्तालाप कल्पना करके लिखें।

सूचना : निम्नलिखित कवितांश पढ़कर 4 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

कई दिनों तक चूल्हा रोया चक्की रही उदास
कई दिनों तक कानी कुतिया सोई उनके पास
कई दिनों तक लगी भीत पर छिपकलियों की गश्त
कई दिनों तक चूहों की भी हालत रही शिकस्त

4. 'अवस्था' का समानार्थी शब्द है 1
(चूल्हा, भीत, हालत, शिकस्त)

5. चक्की उदास क्यों रही? 2

6. कवितांश का आशय लिखें। 4

सूचना : निम्नलिखित अंश पढ़कर 7 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

गंगी का विद्रोही दिल रिवाज़ी पाबंदियों और मज़बूरियों पर चोटें करने लगा - हम क्यों नीच हैं और ये लोग क्यों ऊँच हैं? इसलिए कि ये लोग गले में ताग डाल देते हैं? यहाँ तो जितने हैं, एक-से-एक छंटे हैं।

7. गंगी ठाकुर के कुएँ से पानी क्यों नहीं भर सकी? 1
(जाति व्यवस्था के कारण, गरीब होने के कारण, बीमार होने के कारण)

8. गंगी का दिल विद्रोही कैसे बना? 2

9. 'जाति प्रथा अभिशाप है।' विषय पर लेख लिखें। 4

अथवा

जाति प्रथा के विरुद्ध प्रचार देने के लिए पोस्टर तैयार करें।